हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र में तीव्र विकास के लिए महायुति सरकार की सराहना की।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महाराष्ट्र में किया चुनाव प्रचार।

- रोहतक के पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हरियाणा के  राज्यपाल हुए शामिल।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा- एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए गठित समिति की सिफारिशों को अगले जनवरी महीने से आयोजित होने वाली सभी प्रवेश परीक्षाओं में किया जाएगा लागू।

- हरियाणा में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में 8 जिलों में 6618 फ्लैट्स का आवंटन शीघ्र किया जाएगा।

***********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र में तीव्र विकास के लिए महायुति सरकार की सराहना की। चंद्रपुर जिले के चिमुर में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि यह महायुति सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि महाराष्ट्र पिछले दो वर्षों से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वाला राज्य बना हुआ है।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने आज मुंबई में प्रेसवार्ता कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केे नेतृृत्व में सरकार ने आम लोगों के जीवन को सरल और सुगम बनाने का काम

किया है। जनता का भाजपा की नीतियों में विश्वास निहीत है और हाल ही मे इसका फल हरियाणा में देखने को मिला, जहां पार्टी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की।

उन्होंने कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि झूठ लंबे समय तक नहीं चल सकता इसलिए  हरियाणा में लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया। महाराष्ट्र में भी लोग कांग्रेस को नकार कर भाजपा के विकास के साथ आकर खड़े होंगे।

***********

रोहतक के पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। इसमें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं की महानिदेशक आरती सरीन विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रही।इस दौरान 5 हजार 806 उपाधि और 32 पदक प्रदान किए गए। समारोह के दौरान सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं की महानिदेशक आरती सरीन को मानद उपाधि प्रदान की गई। आरती सरीन, सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं की पहली महिला महानिदेशक हैं।राज्यपाल ने अपने उपाधि पाने वाले को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से स्वास्थ्य सेवा मे एक नए युग की शुरूआत हो रही है। उन्होंने भारत में चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा के समृद्ध इतिहास पर भी प्रकाश डाला।

***********

एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार लाना और उसे मजबूत करने के लिए डाॅ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बने उच्चस्तरीय कमेटी ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। कमेटी ने एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में गठबड़ियों को रोकने और इन परीक्षाओं को कुलपोस्ट बनाने से जुड़े कई सुझाव दिए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अगले जनवरी महीने से आयोजित होने वाली सभी प्रवेश परीक्षाओं में

समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। उन्होंने सभी राज्यों से अपील की कि वे प्रवेश परीक्षाओं को जीरो एरर के सथ करवाने के लिए वो ऐम्स सिफारिशों को अपने राज्यों में लागू करें। वे आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

*********

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। 1947 में दिल्ली स्थित आकशवाणी के स्टूडियो में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के एकमात्र आगमन की यद् में हर साल यह दिन मनाया जाता है।

महात्मा गाँधी ने देश के विभाजन के बाद हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अस्थाई रूप से बेस विस्थापितों को संबोधित किया था। इस अवसर पर आज आकाशवाणी दिल्ली के परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

***********

हरियाणा में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत दो लाख लोगो को घर मिलेगा । इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में गरीब परिवारों, जिनके पास अपना घर नहीं हैं, उन्हें आवास हेतु प्लॉट प्रदान करना है।हरियाणा सरकार योजना का खाका तैयार कर रही है और इस योजना के तहत जमीन से वंचित योग्य प्रार्थियों को गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इस संबंध में हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के महानिदेशक जे गणेशन ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि जहां यह 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, उन कॉलोनियों में शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, पार्क और ओपन

ग्रीन स्पेस जैसी सभी भौतिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रदेश में 5 लाख लोगों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया था। इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इसी कड़ी में जल्द 2 लाख लोगों को मुख्यमंत्री सौगात देंगे।बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट लेने हेतु पंजीकृत आवेदकों को पहले चरण में 8 जिलों में निजी डेवलपर्स द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए बनाए गए 6618 फ्लैट्स का आवंटन भी शीघ्र करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, सेक्टर 23 जगाधरी में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के 2000 लाभार्थियों को मकान निर्माण शुरू करने हेतु प्लॉट का कब्जा दिया जाएगा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा यहां सभी भौतिक सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं।

***********

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली जिलेवार प्रवास करेंगे प्रवास कार्यक्रम 13 नवंबर से 21 नवंबर तक चलेगा

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट के मुताबिक 13 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का प्रवास कार्यक्रम नूंह जिला से शुरू होगा। इसी और प्रदेश अध्यक्ष उस दिन पलवल और फरीदाबाद में प्रवास करेंगे। इसी तरह 14 नवंबर को रोहतक, जींद, सोनीपत में 15 नवंबर को गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ में 16 नवंबर को दादरी, भिवानी , झज्जर जिला में प्रवास होगा। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल प्रवास कर सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 18 नवंबर पानीपत, करनाल, बजे कुरूक्षेत्र और 21 नवंबर पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर में प्रवास के पश्चात यह कार्यक्रम समाप्त होगा। वेदपाल एडवाकेट ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम के दौरान सभी प्रवास प्रमुख प्रदेश अध्यक्ष के साथ मौजूद रहेंगे।

***********

सैनिक एवं सैनिक परिवारों की पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण करने के लिए सोमवार 11 नवंबर को जिला सैनिक बोर्ड परिसर गुरुग्राम में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 3.0 के बारे में भी समझाया गया।यह कार्यक्रम रक्षा लेखा विभाग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी घनश्याम कुमार की अगवाई एवं दिशानिर्देशन में आयोजित किया गया था। जिला सैनिक बोर्ड परिसर में आयोजित किए गए इस कैंप में पूर्व सैनिकों की पेंशन से संबधित 119 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक बोर्ड के सचिव कर्नल अमन सिंह यादव ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं को अब अपना लाईफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए रक्षा पेंशन कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। वे ऑनलाईन माध्यम से स्पर्श पोर्टल पर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं।